E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संoसंo : 03/02– राज्य योo–भूo अoनिo (विoसंoकर्मी) मुंगेर–45/2022.....पटना, दिनांकः– 3766 28/10/2026

आदेश

बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर का पत्रांक 229 दिनांक 07.05.2026 द्वारा श्रीमती आरती सिन्हा (SCL04506), विशेष सर्वेक्षण लिपिक के विरूद्ध दिनांक 16.10.2025 से 16.12.2025 तक अवैतनिक अवकाश का आवेदन देकर अनाधिकृतरूप से अनुपस्थित रहने से संबंधित आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1885 दिनांक 08.06.2026 द्वारा श्रीमती सिन्हा से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसके अनुपालन में श्रीमती सिन्हा से द्वारा स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर में स्वास्थ्य कारणों से संबंधित तथ्य अंकित किया गया है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से बिना सक्षम प्राधिकार से अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित रहने से इन्हें जो कार्य आवंटित है, वो बाधित हुआ है। जो इनके आचरण का सर्वथा प्रतिकूल है, इस परिप्रेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्रीमती आरती सिन्हा (SCL04506), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Sudharsh 26/10/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02– राज्य योo–भूo अoनिo (विoसंoकर्मी) मुंगेर–45/2022.....पटना, दिनांक : 3766 28/10/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती आरती सिन्हा (SCL04506), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

Sudharsh 26/10/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02– राज्य योo–भूo अoनिo (विoसंoकर्मी) मुंगेर–45/2022.....पटना, दिनांक : 3766 28/10/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sudharsh 26/10/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02– राज्य योo–भूo अoनिo (विoसंoकर्मी) मुंगेर–45/2022.....पटना, दिनांक : 3766 28/10/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करना सुनिश्चित करें।

Sudharsh 26/10/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप